हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, मार्च 27, 2024

11 स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर को किया सम्मानित



12 मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट से साइकिल सवार की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव ग्वालिसन में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान तलाव गांव निवासी करीब सत्तर वर्षीय राजेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पुत्र संजीत ने बताया कि सोमवार को उसके पिता राजेंद्र साइकिल पर घूमने गए हुए थे। उसके बाद भाई मंजीत को सूचना मिली कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद गंभीर रूप से घायल राजेंद्र को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मशीन से दबकर घायल हुए श्रमिक ने दम तोड़ा

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-16 स्थित एक कंपनी में काम के दौरान मशीन के नीचे दबकर घायल हुए श्रमिक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय अनुभव के रूप में हुई है। अनुभव मूलतः उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर का रहने वाला था। पिछले कुछ समय पहले काम के सिलसिले में यहां आया था। सेक्टर-16 स्थित एक कंपनी में काम करता था। गत 16 मार्च को वह कंपनी परिसर में मशीन की सफाई कर रहा था। इसी दौरान दुर्घटनावश मशीन के नीचे दब गया। साथी श्रमिकों ने तुरंत उसे मशीन के नीचे निकाला और अस्पताल में ले गए। उसे काफी चोट लगी थी। तब से शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती था। सोमवार को उसने दम तोड़ दिया।

### रोहतक-दिल्ली रोड पर गाड़ी में मृत मिला चालक

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर एक गाड़ी में व्यक्ति का शव मिला। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। तबीयत बिगड़ने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतक की पहचान करीब 49 वर्षीय वजीर सिंह के रूप में हुई है। सांपला का निवासी था। दिल्ली में एक सुरक्षा गार्ड था।

# अप्रैल माह में फिर से शुरू होगी खेल नर्सरियां
## पुरानों के साथ-साथ नए खिलाड़ी भी दे सकेंगे ट्रायल

**जिले भर में चलाई जा रही 69 खेल नर्सरियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

परीक्षाओं के कारण पिछले दो माह से बंद पड़ी खेल नर्सरियों को दोबारा अप्रैल माह से शुरू किया जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। नर्सरियों में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों को फिर से ट्रायल देना होगा। अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के लिए चयनित हुए खिलाड़ियों के साथ-साथ नए सत्र 2024-25 के लिए नए खिलाड़ी भी ट्रायल दे सकेंगे। बता दें कि खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विभाग द्वारा जिले भर में 69 खेल नर्सरियां चलाई जा रही है। जिनमें से 37 खेल नर्सरियों में विभागीय कोच प्रशिक्षण दे रहे है, वहीं 32 नर्सरियां निजी सेंटरों में चलाई जा रही है।



झज्जर। महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में अभ्यास करते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### एक नर्सरी में 25 खिलाड़ियों का होता है चयन

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी ललिता मलिक ने बताया कि एक खेल नर्सरी में 25 खिलाड़ियों का चयन किया जाता है। खेल नर्सरियों में आठ से चौदह साल तक के खिलाड़ियों को 15 सौ रुपये प्रतिमाह और पंद्रह साल से उन्नीस साल तक के खिलाड़ियों को दो हजार रुपये प्रतिमाह स्कॉलरशिप की राशि प्रदान की जाती हैं।

**अच्छी ग्रेडिंग वाली नर्सरियों को दोबारा खोलने की मिली अनुमतिः** बता दें कि अच्छी ग्रेडिंग वाली नर्सरियों को ही दोबारा खोलने की अनुमति मिली है। विभागीय सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा खिलाड़ियों की हाजिरी, खिलाड़ियों को कितना लाभ हुआ, प्रशिक्षकों द्वारा कितने घंटे अभ्यास करवाया गया आदि बिंदूओं पर आधारित रिपोर्ट तैयार कर ग्रेडिंग दी गई है।

### विभागीय आदेशों की होगी पालना

अप्रैल माह से दोबारा खेल नर्सरियां संचालित की जा सकती है। इस संबंध में जो विभागीय आदेश मिलेंगे, उन आदेशों की पालना की जाएगी।
**ललिता मलिल, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी।**

# होली पर खूब उड़ा गुलाल, रंगीन हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को सारा दिन होली की मस्ती में डूबे हर वर्ग के लोगों ने जमकर धमाल मचाया। हर कॉलोनी, हर गली व बाजारों में सुबह से लेकर शाम तक खूब गुलाल उड़ा। शाम होते-होते सड़कें व घरों की दीवारें रंगों से पुती नजर आई। महापर्व होली आदि-अनादि काल से जन सामान्य में उमंग और उल्लास का संचार कर जीवन में नए-नए रंग संजोने की अभिव्यक्ति कराती चली आ रही है।

- **सोमवार को सूरज की पहली किरण धरती पर पहुंचने से पहले ही बच्चे घरों से निकल पड़े**

फाल्गुनी बयार की मादकता के बीच बोगों ने एक दूसरे को बधाईयां देकर अबीर गुलाल व रंगों से सराबोर किया वहीं राह चलते त्यौहार की मस्ती में डूबे लोगों की हंसी, ठिठोली से वातावरण रंगीन बन गया। सोमवार को सूरज की पहली किरण धरती पर पहुंचने से पहले ही बच्चे घरों से निकल पड़े और एक दूसरे पर पिचकारियों की बौछार शुरू कर दी। बड़ों ने अपने दिन की शुरूआत आपस में गुलाल लगाकर की। हालांकि क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्यों ने मिट्टी में स्नान कर होली मनाई। दिन चढ़ने के साथ लोगों की उमंगे भी परवान चढ़ने लगी और सारा आलम होली की मस्ती से रंगता चला गया। सेक्टर-6 के सीनियर सिटीजन क्लब में वरिष्ठ नागरिकों ने होली खेली। कहीं फाल्गुन के गीत माहौल में मस्ती घोल रहे थे तो कहीं म्यूजिक सिस्टम की खनक पर और कहीं डीजे की गूंजती धुनों पर युवा वर्ग थिरक रहा था। रॉबिन हुड आर्मी के बच्चों ने श्रमिक बस्ती में उनके बच्चों के साथ होली मनाकर समाज को सेवा का संदेश दिया। गांव हो या शहर लोगों ने होली के त्यौहार का जमकर आनंद उठाया। परंपरा के अनुसार गांवों में देवरों ने भाभियों पर पानी फेंका तो भाभियों ने भी बराबर कोड़े मारे।







बहादुरगढ़। रंग बिरंगे त्यौहार के अवसर पर होली खेलते बच्चे, श्रमिकों के बच्चों के साथ होली खेलते आरएचए सदस्य, मिट्टी में स्नान करते क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्य।



बहादुरगढ़। सेक्टर-6 में होली खेलते सीनियर सिटीजन।

### युवाओं ने जमकर उड़ाया गुलाल

झज्जर : सोमवार को दुल्हेंडी पर्व के चलते लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया। बच्चों-बड़े यहां तक की बुजुर्गों ने भी दुल्हेंडी पर्व का खूब आनंद उठाया। अलसुबह ही बच्चे घरों से निकल कर हाथों में रंग व पिचकारी लिए हुए लोगों पर पानी व रंग उडेलते दिखाई दिए। व्यक्तियों ने अपने घर के बुजुर्गों के पैरों में गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। घर की महिलाओं द्वारा स्वादिष्ट व्यजंन बनाए गए। इसके अलावा कई जगहों पर देवर-भाभी के बीच पानी व कोरड़ों से खेली जाने वाली होली भी खेली गई। जिसमें महिलाएं पानी बरसाने वालों पर कपडे और कपड़ों से बनाए गए कोरडे और डंडे बरसाती नजर आईं। पूरे दिन गर्मी का माहौल रहा जहां पानी से होली खेलने में युवाओं ने आनंद उठाया। उधर, पुलिस के स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखाई दिए। पुलिस की पीसीआर व राइडर दिनभर गश्त करती रही।



झज्जर। दुल्हेंडी पर्व पर एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए युवा। फोटो : हरिभूमि

# पंचकूला से दिल्ली तक जीते बीआरजी के धावक



बहादुरगढ़। जीत के बाद ट्राफी उठाते बीआरजी के धावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पंचकूला में आयोजित 12 घंटे की स्टेडियम रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप का दबदबा लगातार कायम रहा। बादल तेवतिया ने 12 घंटे में 116 किलोमीटर दौड़कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं प्रवीण सांगवान ने 107 किलोमीटर दौड़कर दूसरा स्थान और अनुराग 82 किलोमीटर कर तीसरे स्थान पर रहे। बीआरजी के संचालक दीपक छिल्लर ने बताया कि पंचकुला में हुई दौड़ में शक्ति राणा और आर्यन डबास ने सहयोग किया। इस जीत के बाद बादल अब अगले महीने आस्ट्रेलिया में 24 घंटे की वर्ल्ड चैंपियनशिप में इंडिया टीम की तरफ से खेलेंगे। वहीं डॉ. सुनिता गोदारा द्वारा नेहरू पार्क दिल्ली में होली रन का आयोजन किया गया। इसमें बीआरजी के गुलाब सिंह ने 40 प्लस आयु वर्ग में पहला स्थान, धर्मवीर ने 50 प्लस आयु वर्ग में पहला स्थान और राजेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। राजपाल ने अपने आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। बीआरजी की टीम को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर शमशेर सिंह, आकाश मिश्रा, गुलाब सिंह, ब्रह्मप्रकाश, सुनील सीकरी, राजेश रघुवंशी, सुरेंद्र गुलिया, शलभ खरे, राकेश सारण, गौतमेंदु सरकार, मीता सरकार, धर्मवीर, संदीप, नवीन राणा, रामबीर व कृष्णा मूर्ति ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी की। सभी विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

- **बादल तेवतिया ने 12 घंटे में 116 किलोमीटर दौड़कर पहला स्थान हासिल किया**

# आसौदा की 4 महिला पहलवानों ने जीते गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छोटूराम अखाड़ा आसौदा की चार महिला पहलवानों ने स्टेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए स्थान सुनिश्चित किया है। यह नेशनल प्रतियोगिता नोएडा में 28 से 31 मार्च तक आयोजित होगी। विजेता पहलवानों का आसौदा में भव्य स्वागत किया।

एनआईएस कोच रविंद्र दलाल ने बताया कि 76 किलोग्राम भार वर्ग में तनु दलाल ने जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। जबकि अंशुल दलाल ने 59 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर-15 आयु वर्ग में शकुन ने 66 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता। जबकि स्वाति पहलवान ने 58 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इन चारों महिला पहलवानों का आसौदा अखाड़े में पहुंचने पर साथी पहलवानों व ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सरपंच रवि दलाल, सेवानिवृत्ति इंस्पेक्टर रोहतास, कोच राजेश, मीनू, राजीव, सुनील पहलवान, रामकुमार, संजय पहलवान, जयदीप, दिनेश, नीति पहलवान, जय भगवान, नरेश रोहद, राजेश, वीरेंद्र निलोठी आदि ने विजेता पहलवानों को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



बहादुरगढ़। विजेता महिला पहलवानों के साथ कोच व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# विवाद के बाद गाड़ी ले भागे शातिर
## आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस वे पर दो वाहन चालकों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के बाद एक चालक की गाड़ी लेकर शातिर भाग गए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।

वारदात पवन पाल के साथ हुई है। मूलतः कानपुर देहात का निवासी पवन पाल गाड़ी चलाता है। गत 24 मार्च को अंबाला से कोरियर का सामान भरकर कलकत्ता के लिए रवाना हुआ। पवन पाल के मुताबिक, जब वह खरखोदा टोल से थोड़ा आगे बढ़ा तो वहां एक राजस्थान नंबर की गाड़ी से मेरी गाड़ी भिड़ गई। इसके बाद उस गाड़ी के चालक के साथ मेरी कहासुनी हो गई। फिर सुलह के बाद हम चल पड़े। नेशनल हाइवे-9 के ऊपर बने पुल पर पहुंचा तो मैंने गाड़ी साइड में लगा ली। नीचे उतरकर मोबाइल पर बात करने लगा। इसी बीच राजस्थान नंबर वाली वह गाड़ी वहां आकर रुकी। उसमें से लोग उतरे और मेरी कंटेनर गाड़ी लेकर फरार हो गए। खरखोदा टोल के पास हुई कहासुनी की रंजिश में वे मेरी गाड़ी ले गए हैं। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, पुलिस को आरोपियों की गाड़ी का नंबर मिल गया है। इस आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी। पवन पाल की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है।

- **पुलिस को आरोपियों की गाड़ी का नंबर मिल गया, दो वाहन चालकों के बीच विवाद के बाद हुई वारदात**

**कुछ किसानों ने मजबूरन कम दामों पर आढ़तियों को फसल बेची**

# शुरू नहीं हो पाई सरसों की सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार से सरसों की सरकारी खरीद शुरू होनी थी लेकिन बहादुरगढ़ की मंडी में ऐसा देखने को नहीं मिला। किसान अपनी फसल को लेकर मंडी में आए जरूर लेकिन सरकारी खरीद नहीं हो सकी। कुछ किसानों ने मजबूरन कम दामों पर आढ़तियों को फसल बेची। दरअसल, सरसों की सरकारी कीमत 5650 रुपये है। सरकार ने आदेश दिए थे कि होली के बाद 26 मार्च से सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। उधर, इससे पहले ही किसान लगातार मंडी में पहुंच रहे हैं। न केवल आसपास के गांवों से बल्कि दिल्ली के भी कुछ किसान बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में फसल लेकर आ रहे हैं। सरकार खरीद न होने के चलते मंडी में आढ़ती फसल में नमी की बात कहकर 4600 से 4800 के बीच खरीद रहे हैं। मौसम को देखते हुए किसान भी अपनी फसल उन्हें देने पर मजबूर हैं। उधर, मार्केट कमेटी के अधिकारी दिनभर मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर किसानों का डाटा अपलोड न होने की बात कहते रहे। अधिकारियों का कहना है कि बुधवार से सरसों की फसल की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में हैफेड एजेंसी द्वारा सरसों की फसल की खरीद की जाएगी।



बहादुरगढ़। अनाज मंडी में सरसों की सफाई करते श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

### आवक न होने से पहले दिन नहीं हो पाई खरीद

झज्जर : सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मंगलवार से प्रदेश की अनाजमंडियों में सरसों खरीद का कार्य शुरू हो गया है। इसी को लेकर जिले की अनाजमंडी में मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा सरसों खरीद को लेकर तैयारियां कर ली गई थीं लेकिन पहले दिन कोई भी किसान अपनी फसल लेकर अनाजमंडी नहीं पहुंचा। अनाजमंडी सुपरवारइजर रणदीप ने बताया कि उनकी ओर से फसल खरीद को लेकर सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आगामी एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी शुरू हो जाएगी।



### तैयारियां पूरी कर ली गई

सरसों की सरकारी खरीद हैफेड एजेंसी द्वारा की जानी है। तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडी में आने वाले किसानों की सरसों की फसल खरीदी जाएगी। **-अंजू दलाल, सचिव, मार्केट कमेटी बहादुरगढ़।**

# फेल होने के भय से छात्रा ने लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार की एक कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। दसवीं की परीक्षा में फेल होने के डर से छात्रा द्वारा फांसी लगाए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गईर् है।

- **छात्रा ने दसवीं की परीक्षाएं दी थी**

मृतका छात्रा की उम्र करीब 17 साल रही। वह लाइनपार की एक कॉलोनी की निवासी थी। सोमवार को उसे फंदे पर लटका देखा गया। परिजनों की नजर पड़ी तो उसे संभाला गया लेकिन देर हो चुकी थी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि पिछले दिनों ही उसने दसवीं की परीक्षाएं दी थी। उसकी परीक्षाएं उम्मीदों अनुसार नहीं हो पाई थी। इसलिए उसे फेल होने का डर था। इसी वजह से तनाव में थी और संभवतः इसी यह कदम उठा लिया। परिजनों द्वारा भी यही बात कही गई है। हालांकि असल पुष्टि के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार करेगी। वजह कुछ भी रही हो लेकिन त्योहार के दिन परिवार की खुशियों को ग्रहण लग गया। बता दें कि परीक्षा में सफल होने का दबाव बच्चों की मनोदशा पर बुरा असर डाल रहा है। बहुत से बच्चे इस दबाव को सहन नहीं कर पाते और गलत कदम उठा लेते हैं। कुछ दिनों पहले ही परनाला में भी एक युवती ने इसी तरह से अपनी जान दी थी। वह भी उम्मीदों पूर्वक परिणाम न आने से हताश थी। बेशक हर कोई विद्यार्थी परीक्षा में सफल होना चाहता है। आमतौर पर अभिभावकों का भी उन पर यही दबाव रहता है। लेकिन इस तरह के कदम सही नहीं है। अभिभावकों को अपने बच्चों का मनोबल बढ़ाना चाहिए।

### रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव


**बहादुरगढ़।** सांखोल के निकट बराही फाटक पर एक बुजुर्ग का शव मिला। रेल लाइन क्रास करते वक्त बुजुर्ग की हादसे में मौत होने की आशंका है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। घटना मंगलवार सुबह की है। किसी व्यक्ति ने सूचना दी तो जीआरपी बहादुरगढ़ की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास पूछताछ की तो मृतक की शिनाख्त करीब 80 वर्षीय जयनारायण के रूप में हुई। गांव बराही के रहने वाले थे। चर्चा है कि लाइन क्रास करते वक्त वह हादसे का शिकार हुए। परिजनों के बयान के बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी।



# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

**लाइफ Style**




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकेटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुवेर्दी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

खबर संक्षेप



झज्जर। स्वर्णपदक विजेता बॉक्सर नितिन।

## चैंपियनशिप में नितिन ने जीता गोल्ड

**झज्जर।** 18 मार्च से 25 मार्च तक उत्तर प्रदेश के नोएड में हुई सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जिले के बॉक्सर नितिन ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्णपदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि नितिन पिछले तीन वर्षों से महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास कर रहा है। इस उपलब्धि पर उन्होंने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों ने होली से संबंधित गीतों व पंजाबी गानों पर किया डांस

# शिक्षकों व विद्यार्थियों ने गुलाल लगाकर मनाया होली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सनराइज हाई स्कूल में होली उत्सव के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने होली से संबंधित गीतों व पंजाबी गानों पर डांस की प्रस्तुति दी। विद्यालय की मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने बताया कि होली खेलने के लिए विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए गुलाल व पिचकारी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों के लिए रेन डांस का भी आयोजन किया गया।



झज्जर। होली उत्सव कार्यक्रम में मौजूद नन्हें विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। आनंद उत्सव में होली से संबंधित श्रीराधा-कृष्ण के भजनों पर नृत्य करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## होली मिलन समारोह में लिया समाजहित में कार्य करने का संकल्प



**झज्जर।** जिला स्वर्णकार संघ द्वारा होली उत्सव के उपलक्ष्य में सुनार वाली धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां संघ के सदस्यों ने फूलों की होली मनाते हुए स्वर्णकार समाज के प्रति अपने विचार रखे। इस दौरान वैद्य सत्यप्रकाश आर्य मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान वाली मेड क्षत्रीय स्वर्णकार सभा के प्रधान भारत भूषण सोनी ने मिलन समारोह में विशेष रूप से मौजूद रमेश सोनी, सतीश सेढ़ा, विजेंद्र सेठ, पीला सोनी, कोच्चि सोनी, डॉक्टर सुभाष, देव, रामकुमार एडवोकेट, भूप सोनी, मुकेश सोनी, रविंद्र सोनी, घनश्याम सोनी,देव सोनी आदि का आभार जताया। समारोह में स्वर्णकार समाज के लोगों ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, किसी भी क्षेत्र में संगठित होकर 36 बिरादरी का साथ देने व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## रंग लेके खेलते, गुलाल लेके खेलते राधा संग होली नंदलाल खेलते...

**झज्जर।** श्री दुर्गा मंदिर चौक में मंदिर समिति की ओर से सोमवार को होली आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। समिति प्रधान इंद्र जुनेजा ने बताया कि आनंद उत्सव में श्री दुर्गा मंदिर महिला संकीर्तन मंडली एवं मीनू शर्मा एंड पार्टी ने श्रीराधा-कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। पंडित मीनू शर्मा ने कहा कि होली पर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की पूजा का विशेष महत्व है। होली का पर्व श्रीराधा एवं भगवान कृष्ण के अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है। विधिवत पूजन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में मीनू शर्मा ने मेरे उठे विरह की पीर सखी वृन्दावन जाऊंगी, वृन्दावन जाऊंगी नहीं फिर लौट के आऊंगी, रंग लेके खेलते, गुलाल लेके खेलते, राधा संग होली नंदलाल खेलते.. भजन सुनाएं।

# आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



झज्जर। शहर के राव तुलाराम चौक पर प्रदर्शन करते हुए आप कार्यकर्ता।

■ सरकार विरोधी की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

सोमवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष हरीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। हरीश कुमार ने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है।

इस दौरान सुरेंद्र नागल, रजय कुमार, चंद्रमोहन, सुनील, अभीता, गीता , राजबाला, शैलेश, संदीप, राकेश, रणबीर गुलिया, नवीन दलाल, मुंशी राम सैनी, नरेश, राजेश प्रजापत, सुरेंद्र, वजीर, राजपाल, सुनील, सतबीर , विनोद, ओमप्रकाश सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## एमआर स्कूल हसनपुर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर किया यज्ञ

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में नए सत्र के प्रारंभ के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान, निदेशिका संगीता कोडान व उपनिदेशक सुभाष यादव ने विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ मिलकर यज्ञ में आहुति डाली। यज्ञ-हवन के दौरान विद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक पूर्णचंद व सुभाष शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। निदेशक सोमबीर कोडान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत महत्व है। किसी भी नए कार्य की शुरूआत व वातावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ करवाया जाता है।



झज्जर। यज्ञ-हवन में आहुति डालते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# सतगुरु के बिना जीवात्मा को भगवान की प्राप्ति संभव नहीं : महंत राजेंद्र दास

■ हजारों श्रद्धालु एवं साध संगत ने तपोभूमि पहुंचकर सत्संग में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरी

क्षेत्र के गांव दूबलधन माजरा स्थित तपोभूमि जटेला धाम में फाल्गुन पूर्णिमा महोत्सव मेला सोमवार को महंत राजेंद्र दास के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान हजारों श्रद्धालु एवं साध संगत ने तपोभूमि पहुंचकर सत्संग में भाग लिया। साध संगत ने स्वामी नित्तानंद महाराज की प्रतिमा एवं जाल के पवित्र वृक्ष के दर्शन किए और दीप प्रज्वलित किया। महंत राजेंद्र दास ने कहा कि जब बसंत ऋतु आती है तब प्रकृति में निखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि सतगुरु के बिना जीवात्मा को भगवान की प्राप्ति संभव नहीं है। आत्मा और परमात्मा के मिलन में सदगुरु का होना अति आवश्यक है। ईश्वर ने इंसान को जीव कल्याण के लिए अनमोल जीवन दिया था लेकिन इंसान अपने अहंकार और घमंड में चूर होकर किसी दूसरे से ईर्ष्या- भावना रख इस अमूल्य उपहार को नष्ट कर देता है।



बेरी। फाल्गुन मेला महोत्सव के दौरान मौजूद साध-संगत एवं महंत राजेंद्र दास।

# स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

### लोगों को पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश



झज्जर। शिविर के दौरान पौधरोपण करते हुए स्वयंसेवक, शिक्षक व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन संस्थान की एनएसएस यूनिट द्वारा क्षेत्र के गांव रामपुरा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप चलाया जा रहा है। संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल ने बताया कि त्रिवेणी रोपण के साथ शिविर का शुभारंभ गांव के पूर्व सरपंच विकास, एनएसएस टीम सदस्य मुकेश, नवबहार, दीपक सैनी आदि की मौजूदगी में हुआ। प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर सविता यादव ने बताया यह शिविर 29 मार्च तक रात-दिन चलेगा। आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित शिविर में स्वयंसेवियों को बहुत कुछ सीखने व समझने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों में स्वच्छता अभियान में श्रमदान, पर्यावरण सरंक्षण के लिए पौधारोपण, आर्ट ऑफ लिविंग व आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अलावा श्रीगौशाला व प्राचीन गुरुकुल का भ्रमण शामिल हैं। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा गांव के सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण करके लोगों में पर्यावरण सरंक्षण का संदेश भी दिया।

## चुनावी प्रक्रिया के दौरान एमसीएमसी रखेगी पेड न्यूज पर नजर

**झज्जर।** लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग करेगी। इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी के अध्यक्ष , प्रवेश कादियान एचसीएस अधिकारी एमसीएसी के प्रभारी अधिकारी, डीआईपीआरओ, मीडिया एक्सपर्ट व स्वतंत्र नागरिक इसके सदस्य बनाए गए हैं।

■ प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य

# एआरओ ने टीम वर्क की भावना के साथ कार्य करने के दिए निर्देश



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एआरओ रविंद्र मलिक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरी

■ चुनाव को निष्पक्ष, बिना प्रलोभन व पारदर्शिता तरीके से करवाना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी

लोकसभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष करवाने में कर्मचारियों व अधिकारियों की अहम भूमिका होती हैं। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जिन कर्मचारियों व अधिकारियों की डयूटी लगाई गई वे पूरी निष्ठा एवं लग्न के साथ अपनी डयूटी का निर्वहन करते हुए सजगता के साथ कार्य करें। यह निर्देश एआरओ रविंद्र मलिक ने सेक्टर ऑफिसर और पुलिस सेक्टर अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के तहत सेक्टर ऑफिसर, पुलिस अधिकारी और फ्लाईंग स्क्वायड टीम की फील्ड में डयूटी रहेगी और टीमें चुनाव से संबंधित हर गतिविधि पर नजर रखेगी। चुनाव को निष्पक्ष, बिना प्रलोभन व पारदर्शिता तरीके से करवाना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बेरी विधानसभा क्षेत्र में 186 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## टांडाहेड़ी में लगा बाबा हरिदास मेला

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी में दुल्हंडी के अवसर पर बाबा हरिदास मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने मेले में पहुंचकर बाबा के मंदिर में दर्शन करते मन्नतें मांगी। रविवार को मेले के शुभारंभ पर सुबह मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के अनेक लोगों ने आहूति डालते हुए शांति की कामना की। इसके बाद मेला शुरू हुआ। लोगों ने बाबा हरिदास के पवित्र तालाब में नहाकर पूजा अर्चना की। यहां मानता है कि इस पवित्र तालाब में नहाने से शरीर के सभी रोग दूर हो जाते हैं। सुबह से शाम तक मंदिर में बाबा के दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। मंदिर समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## दुकान के ताले तोड़कर लाखों की बैट्री चोरी

**जाटूसाना।** बेरली बस स्टैंड पर चोर एक इन्वर्टर-बैट्री की दुकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये की बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। देहलावास गुलाबपुरा निवासी रामपाल की बेरली बस स्टैंड पर इन्वर्टर-बैट्री की दुकान है।

### स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर की दो दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

# स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर को किया सम्मानित

■ प्रोग्राम में जिले भर से 150 स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर की दो दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजन किया गया। आचार्या अरविंद गार्गी द्वारा विधिवत रूप से हवन-यज्ञ एवं योगाभ्यास कराकर वर्कशॉप की शुरूआत कराई। वर्कशॉप में मुख्य ट्रेनर के रूप में मौजूद सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने कहा कि जीवन में किशोर अवस्था एक अहम भूमिका एवं पड़ाव है इसे समझना बहुत कठिन होता है। हमें अपने बच्चों को ऊर्जावान बनाने व उन्हें नशे जैसी आदत से दूर रखने में किशोर अवस्था में उनसे दोस्ती करना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि यदि किशोरावस्था में कोई गलती हो जाए तो बच्चों को चिन्हित न करें तथा उसी समय दंडित न करें बल्कि उसे समझाने की कोशिश करें। इसके अलावा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा चलाई जा रही मित्रता क्लीनिक में अपने बच्चों की काउंसलिंग कराएं ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने उपस्थित स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सामने अध्यापक एक प्रहरी है वह अपने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देकर उन्हें भी बेहतर शिक्षा देकर सच्चा, ईमानदार, देश भक्त बनकर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सैनी एवं जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि वर्कशॉप के दूसरे दिन स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम में जिले भर से 150 स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर ने भाग लिया। इस दौरान डॉ. पूजा नांदल, डीपीसी विनोद कुमार, एपीसी धर्मेंद्र कुमार, जिला एनसीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. मनीष सैनी, जिला क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ. मनोज कुमार यादव, आयुष्मान भारत जिला मैनेजर विकास कुमार, बीआरसी हरिओम, रमेश चौहान, शेर सिंह ने किशोरावस्था में आ रहे बदलाव को सही रूप देने के लिए अपनी बात रखी। सभी प्रतिभागी स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडर को सीएमओ डॉ. ब्रह्मदीप सिंह, डीईओ राजेश खन्ना व डीईईओ सुभाष भारद्वाज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




झज्जर। वर्कशॉप में भाग लेने वाले स्कूल एंबेसडर को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

# नाली को लेकर हुई कहासुनी के दौरान मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

बेरी के बैठान निवासी एक किसान ने नाली को लेकर हुई कहासुनी के कारण गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में बेरी के नीमवाला चौक निवासी सुरेंद्र ने बताया कि करीब सप्ताहभर पहले उसके पड़ोसी आसु, मनोज, राजबीर आदि के साथ नाली की बात को लेकर कहासुनी हुई थी। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे जब उन्होंने घर के बाहर कहासुनी की आवाज सुनी तो उन्होंने बाहर निकल देखा कि मंजीत, आसु, मनोज, राजबीर व मंजीत व आसु की पत्नी उसके लड़के रोहित के साथ मारपीट कर रहे हैं।

सुरेंद्र का आरोप है कि जब वह बीच-बचाव करके अपने पुत्र रोहित को लेकर घर के अंदर ले गया तो आरोपियों ने उसके घर के अंदर घुस कर उसके पुत्र के साथ उसे व उसकी पत्नी पर भी हमला बोल दिया। मारपीट के बाद वे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। इसके बाद वे तीनों उपचार के लिए बेरी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे रोहतक रैफर कर दिया।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को मिला सांत्वना पुरस्कार

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने एमडीयू के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित रंग लोक रंग व्यंजन उत्सव व लोक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। लोक रंग व्यंजन में स्वाति, सलोनी, खुशी व ज्योति और लोक खेलकूद प्रतियोगिता में गुंजन शर्मा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को बधाई दी।

### परिवार को रॉड-डंडों से पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी में कुछ लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से वार किए गए। गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पुलिस को दी शिकायत में हरीश का कहना है कि गत 24 मार्च को हम अपने मौसेरे भाई अनूप की ताई के दाह संस्कार में निलोठी गए थे। दाह संस्कार के बाद हम वहां घर के सामने चौक पर अपने ताऊ के लड़के देवेंद्र के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग आए और गाली गलोच करने लगे। जब अपनी गाड़ी में बैठने लगे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड से हमारी गाड़ी के शीशे पर वार किया। गाड़ी में हमारे बच्चे भी बैठे थे। हमलावरों ने हमें गाड़ी से बाहर निकालकर मारपीट की। लोगों के इकट्ठे होने पर हमारा बचाव हुआ।

### हत्या करने मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा दुजाना चौक बेरी पर कार सवार लोगों पर जानलेवा हमला कर दो लोगों की हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो वांटेड आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान राहुल निवासी बेरी व अमन निवासी निलौठी झज्जर के तौर पर की गई।

### पंखें चढ़ाकर की अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना

# मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब बाबा की समाधि पर टेका मत्था

बाबा के सजे भव्य दरबार को देखकर गदगद हुए श्रद्धालु
बाबा की कृपा जिस पर हो जाए भक्ति को पाए मौज उड़ाए भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर





झज्जर। दुल्हेंडी पर्व पर बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ व दुल्हेंडी पर्व पर बाबा की समाधि पर पंखें चढ़ाते हुए श्रद्धालु।

सोमवार को दुल्हेंडी पर्व पर नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार सहित बाबा के दर्शनों के लिए पहुंचे। बाबा के सजे भव्य दरबार को देखकर श्रद्धालु गदगद हो गए और बाबा के भजनों पर खूब झूमते दिखाई दिए। श्रद्धालु शंटी तलवार, वेद बहल पाशु, दीपक गहलौत, सतबीर सैनी, लवली शर्मा, दिनेश छिकारा ने बताया कि बाबा की महिमा अपरंपार है। सच्चे मन से जो बाबा की भक्ति करता है, बाबा सदा उनकी रक्षा करता है और परिवार में सुख समृद्धि देता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने पर जहां मन में शांति मिलती है, वहीं असीम आनंद की भी अनुभूति होती है।

#### पंखें चढ़ाने की है अनोखी परंपरा

बता दें कि दुल्हेंडी के दिन बाबा प्रसाद गिरी की समाधि पर पंखे चढ़ाने की अनोखी परपंरा है। मनोकामना पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष बाबा की समाधि पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा पंखे चढ़ाए जाते हैं। पहले जहां चमकीले कागज, गत्ते व कपडे की कारीगरी के आकर्षक पंखे चढ़ाए जाते थे, वहीं समय में आए बदलाव के साथ ही अब बिजली के पंखों ने इनका स्थान ले लिया है। पिछले कुछ वर्षों से श्रद्धालुओं द्वारा सीलिंग फेन, कूलर, एसी चढ़ाने का सिलसिला चल पड़ा है।

#### पूरी तरह व्यवस्थित रहा मंदिर परिसर

मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए मंदिर कमेटी के स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए। बाबा की समाधि तक जाने के लिए बेरिगेट्स लगाए गए, जिससे श्रद्धालुओं ने बिना परेशानी के दर्शन किए। पुलिस के स्तर पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर के भीतर और बाहर पुलिस के जवान तैनात रहे।

सोमवार सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गए। पंखा चढ़ाने व बाबा के दर्शन का सिलसिला देर रात करीब नौ बजे तक चलता रहा। इस मौके पर भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें गायकों ने मेला बाबा का लगता है हर साल .., बाबा की कृपा जिसपर हो जाए भक्ति को पाए मौज उड़ाए भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और अपने आपको नाचने से नहीं रोक सके। देर सांय तक श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिला से आशीर्वाद लेते हुए डॉक्टर अरविंद शर्मा।

## भाजपाईयों ने होली मिलन समारोह में की फूलों की वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ समारोह के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए

क्षेत्र के गांव डीघल स्थित आनंद वन फार्म पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और फूलों की बारिश कर उत्सव को मनाया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ और भाजपा सांसद व रोहतक लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा भी पहुंचे। धनखड़ ने कहा कि नेताओं का कार्य खुशियां बांटना होना चाहिए। होली पर्व के अवसर पर उन्हें ननिहाल ने आने का मौका मिला है, उनका मन बड़ा हर्षित है। वहीं डॉक्टर अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। प्रदीप अहलावत ने कहा की पहले बुजुर्गों के सम्मान में मकर सक्रांति पर कार्यक्रम करते थे लेकिन कोरोना काल में यह बंद हो गया, अब वे तमाम भाईचारे के साथ मिलने के लिए होली पर इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इस दौरान काला चेयरमैन चिड़ी, मनीष दुजाना, अनिल मातनहेल, राजेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष बुधराम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में महिला घायल

**बहादुरगढ़।** अस्पताल में भर्ती अपने बीमार पति का खाना देने जा रही एक महिला सड़क हादसे में घायल हो गई। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। इस संबंध में एक गाड़ी चालक के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में जसोरखेड़ी के निवासी अजय ने कहा है कि उसके पिता गिरावड़ स्थित अस्पताल में भर्ती है। मैं भी अस्पताल में ही पिताजी के साथ था। हमें सूचना मिली कि हमारी मां खाना देने आ रही थी। आसौदा मोड़ के निकट किसी गाड़ी की चपेट में आ गई।



बहादुरगढ़। होली मिलन समारोह में शामिल भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### युद्धवीर के कार्यालय पर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा नेता युद्धवीर भारद्वाज के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय पर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ अरविंद शर्मा व भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने शिरकत की। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली। शर्मा व धनखड़ ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। उन्होंने आपसी भाईचारा बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, दिनेश शेखावत, नरेश भारद्वाज, सोनू मान, भीम सिंह प्रणामी, संजीव सैनी, सोनू भारद्वाज, रमेश वत्स, नरेश रोहिल्ला, शमशेर दलाल, अमित वत्स, अशोक अहलावत, कृष्ण छुड़ानी, सत्ते प्रधान, हरीश पहलवान, सतीश, दिलीप मास्टर, भागीरथ, जोगेंद्र, हेमंत शर्मा, संजीव महादेव, कुलदीप कुंडू, आनंद व दिनेश आदि मौजूद रहे।

### पिता व भाई पर केस दर्ज कराया

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। इस झगड़े में एक व्यक्ति को चाकू लग गया। घायल ने अपने पिता और भाई पर केस दर्ज कराया है। घायल की पहचान विजय के रूप में हुई है। विजय का कहना है कि वे तीन भाई हैं और तीनों अलग रहते हैं। माता-पिता सबसे छोटे भाई के साथ रहते हैं। गत 24 मार्च को छोटे भाई के पास मेरी बहन आई हुई थी। हम भी उसे सूट व शगुन आदि देने के लिए वहां चले गए। जब हमने पैसे व कपड़े दिए तो बहन ने नाराज होकर फेंक दिए। इसी बात पर कहासुनी हो गई। इसी बीच छोटे भाई ने मुझ पर चाकू से प्रहार किया व पिता ने डंडों से वार किए। धमकी भी दी। लोग इकट्ठे हुए तो बीच बचाव हुआ। उधर, बादली थाना पुलिस का कहना है कि मामला घरेलू झगड़े से संबंधित है। फिलहाल शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर बीसीसीआई कार्यालय में विशेष शिविर लगाया

■ वर्तमान प्रॉपर्टी टैक्स पर सरकार की ओर से 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एमआईई में बीसीसीआई कार्यालय में कैंप लगाते नप कर्मी।

मंगलवार को नगर परिषद की तरफ से बहादुरगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) कार्यालय में विशेष शिविर लगाया गया। यह कैंप 31 मार्च तक लगाया जाएगा। दरअसल, वर्तमान प्रॉपर्टी टैक्स पर सरकार की ओर से 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। पुराने प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

नगर परिषद की ओर से प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी ज्यादा से ज्यादा करने के लिए अब फैक्ट्रियों से टैक्स वसूलने की प्रक्रिया को गति दी गई है। नप के ईओ संजय रोहिल्ला ने बताया कि 31 मार्च तक छूट का फायदा भी फैक्ट्री संचालक ज्यादा से ज्यादा उठाएं। मंगलवार को कर शाखा प्रभारी दीपक बेनीवाल के नेतृत्व में जितेंद्र सैनी, राहुल, संदीप, जितेंद्र व सुमित आदि ने उद्यमियों की प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी खामियों को दूर किया।

कैंप के पहले दिन करीब 2 दर्जन से अधिक उद्यमी प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए पहुंचे। इन फैक्ट्री संचालकों ने छूट का फायदा उठाते हुए अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाया। बता दें कि यदि कोई फैक्ट्री संचालक 31 मार्च तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराता है, तो बाद में उसे 18 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराना पड़ेगा।

## भैंसरू खुर्द में रजत पहलवान ने जीती कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ आयोजकों की ओर से इनामी राशि से पुरस्कृत किया गया

होली के उपलक्ष्य में भैंसरू खुर्द में आयोजित दंगल में रोहद का रजत पहलवान छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत ने पहली बड़ी कुश्ती अपने नाम की। रजत ने मंटिडू के विशाल पहलवान को चित्त करकर मुकाबला अपने नाम किया था। आयोजकों की ओर से उसे ईनामी राशि से पुरस्कृत किया गया। रजत मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र पहलवान से प्रशिक्षण लेता है। पिछले कुछ समय से उसके प्रदर्शन में लगातार निखार आया है। न केवल दंगलों में बल्कि विश्व स्तर पर भी उसने देश के लिए पदक जीते हैं। उसकी जीत पर कोच धर्मेंद्र, संजय पहलवान, सुनील रुहल सहित अन्य कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। साथी पहलवानों ने उसका जोरदार स्वागत किया। वहीं, रजत ने कहा कि आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करना ही उसका लक्ष्य रहेगा।

## श्याम स्तुति के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। श्याम दरबार में हाजिरी दर्ज करवाते नवीन बंटी व अन्य।


श्री श्याम नव ज्योति मंडल द्वारा श्री श्याम होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नई बस्ती की गली नंबर-3 में आयोजित महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने शिरकत की। बंटी ने श्याम दरबार में पूजा अर्चना करते हुए सभी प्रदेशवासियों व हलकावासियों के लिए सुख व समृद्धि की कामना की।

श्री श्याम होली महोत्सव कार्यक्रम में गौरव भारद्वाज बहादुरगढ़, संजय गुजरवासिया नारनौल, पंकज सोनी कोलकत्ता, पूर्णिमा बंसल दिल्ली ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा से अवगत कराया। कार्यक्रम में मंच का संचालन गोपाल शेखावत ने किया। पूजा अर्चना के उपरांत नवीन बंटी ने कहा कि खाटू वाले श्री श्याम बहुत ही दयालु है। मंडल के सदस्यों ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर जयपाल वत्स, डॉ नवीन, नरेश, मुकेश मित्तल, हरीश बंसल, नरेश बिंदल व शम्मी मित्तल आदि मौजूद रहे।

## संजय बने ओबीसी मोर्चा के महामंत्री

■ संजय सैनी ने भाजपा नेतृत्व का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। संजय सैनी को नियुक्ति पत्र देते भाजपा पदाधिकारी।

युवा कार्यकर्ता संजय सैनी भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया है। इस नियुक्ति से प्रसन्न संजय सैनी ने भाजपा नेतृत्व के साथ ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करण देव कंबोज, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा व पूर्व विधायक नरेश कौशिक का आभार जाताया। उन्होंने संकल्प लिया कि पार्टी की रीति, नीति, नियम के अनुसार कर्मठता से काम करेंगे। संजय के पिता रामकुमार सैनी ने कहा कि वे पिछड़ा वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर राजपाल शर्मा, धर्मवीर वर्मा, नरेश कौशिक, सत्यवान दलाल, सरपंच रोहतास सैनी, ऋषि भारद्वाज, राजेंद्र सैनी, मनीष, प्रदीप, जगमाल, राज सिंह, मनीराम पंडित, आशीष, विक्की, हरेंद्र, डॉ. राहुल व संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**रोष** वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जताई नाराजगी

## सफाई कर्मचारियों ने चेयरपर्सन कार्यालय के बाहर दिया धरना

नगर परिषद के अधिकारियों ने बिल पास नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। चेयरपर्सन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी।

पिछले दो महीने से वेतन न मिलने के कारण बहादुरगढ़ के सफाई कर्मचारी बेहद परेशान हैं। इसी के चलते सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार की सुबह नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी के कार्यालय का घेराव किया। कार्यालय के बाहर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। बाद में सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया।

मुकेश सहित अन्य सफाई कर्मचारियों का कहना है कि ठेकेदार के अधीन हम लगभग 450 सफाई कर्मचारी काम करते हैं। हमें पिछले दो महीने से तनख्वाह नहीं मिली है। ठेकेदार कहता है कि नगर परिषद के अधिकारियों ने बिल पास नहीं किया। जिसके चलते ठेकेदार ने भी कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं दी। कर्मचारियों का कहना है कि वह रोजाना बहादुरगढ़ शहर में सफाई का काम कर रहे हैं लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए भी उन्हें हाथ फैलाने पड़ रहे हैं। इसलिए कर्मचारियों ने अब तनख्वाह न मिलने तक ऐसे ही प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है। दोपहर तक कर्मचारी धरने पर थे। इसके बाद वापस लौट गए।

### पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने की सीख

**बहादुरगढ़।** खरहर गांव में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए घर पर तैयार किए गए अलग-अलग प्रकार के 5 पौधे लगाए गए। स्टैंड विद नेचर की सदस्य ललिता राठी के 8 वर्षीय भतीजे प्रतीक, दिव्यांशु और भांजे अयान के पहले जन्मदिन की खुशी में उनके हाथों से पौधे लगवाए। वॉलंटियर नवीन राठी और पूजा राठी ने बताया कि हर खुशी के मौके पर पर्यावरण का ध्यान रखते हुए पौधे लगाने चाहिएं।

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें



जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
दिल्ली रोजाना मिलें 11 से 5 बजे तक रोहतक रोड, पिल्लर नं. 373 के सामने, नांगलोई
रोहतक दिल्ली रोड, निकट राज सिनेमा, बैसमेंट के अंदर। 10 से 8 बजे तक